A

609

वार्षिक मूल्यांकन - 2015-16

कक्षा-6 | हिंदी | समय : 2 घंटे

सूचनाः- • पंद्रह मिनट *कूल ऑफ टाइम* है। यह प्रश्न पत्र पढ़ने केलिए है।
• सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गतिविधि-1

गदयांश पढ़कर अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें ।

भारत एक विशाल देश है। विभिन्न राज्यों के मेल से संस्कृति - संपन्न भी है। केरल भारत का सुंदर राज्य है। घने पेड़ों से सजे पर्वत, लहलहाते खेत कल-कल बहती नदियाँ आदि केरल की विशेषताएँ हैं। गर्मी सर्दी और बारिश सभी यहाँ पर अतिथि बनकर आते हैं। ये फल, फूल, धूप, पानी जैसे कई नज़ारें लाते हैं। केरल में सब एकता से रहते हैं।

(क) केरल की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?

(ख) लेख केलिए उचित शीर्षक लिखें।

गतिविधि-2

चित्र ध्यान से देखें, उचित वाक्य चुनकर क्रम से लिखें।

- कूड़े - कचरे लेकर एक औरत जाती है।
- लड़की रोकती है।
- कूड़े - कचरे नदी में फेंकने की कोशिश करती है।

(ख) चित्रों के आधार पर संदेश वाक्य लिखें।

गतिविधि- 3

कहानी का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दो भाई थे। बड़े की शादी हो गयी थी। उसके दो बच्चे थे। छोटा कुँआरा था। दोनों भाई प्रेम से रहते थे। दोनों गेहूँ की खेती करके जीते थे। पहले बडा भाई खाना-खाने घर गया। छोटा भाई खलिहान पर ही रुका रहा। वह सोचने लगा - भाई की शादी हो गयी है। उनका परिवार है, इसलिए उन्हें ज़्यादा गेहूँ की जरूरत होगी। यह सोचकर उसने अपनी ढेर से कई टोकरी गेहूँ लेकर बडे भाई वाले ढ़ेर में मिला दी। ऐसा करके उसे बहुत खुश हुआ।

(क) छोटे भाई की दैनिकी लिखें।

(ख) नमूने के अनुसार बदलकर लिखें।

जैसे: एक भाई <u>था</u>।   एक बच्चा .... ।

दो भाई <u>थे</u>।   दो बच्चे ....।

गतिविधि- 4

कविताांश पढ़कर अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

धरती हमारी जननी है,
धरती से सब मिलती हैं,
धरती से हम जीते हैं,
धरती नहीं तो हम नहीं।।

(क) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द कविताांश से चुनकर लिखें।

- माता
- भूमि

(ख) कविता का आशय लिखें।

(ग) कविता केलिए उचित शीर्षक लिखें।

गतिविधि- 5

गद्यांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जनवरी 10 विश्व हिंदी दिन है। कोट्टप्पुरम सरकार यू. पी. स्कूल में हिंदी प्रतियोगिताएँ चलाईं। नितिन को कविता-पाठ, और भाषण में प्रथम स्थान मिला। पंचायत समिति के अध्यक्ष ने उसको पुरस्कार भी दिया। नितिन ने मित्र रहीम के नाम पर पत्र लिखा-

(क) पत्र तैयार करें।

(ख) विश्व हिंदी दिवस किस दिन मनाया जाता है?